# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2017–2018/1114 दिनांकः–03/04/19

## "बी.एड./विधि/डिप्लोमा परीक्षा– 2019 ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति"

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बी.एड. प्रथम, द्वितीय वर्ष/विधि प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष/ स्नातकोत्तर डिप्लोमा (श्रमिक विधि) के नियमित/पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा 2019 के परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन भरने की तिथियां निम्नानुसार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बिना विलम्ब शुल्क | 05.04.2019 से 15.04.2019 तक |
| 2. | 100/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 16.04.2019 से 20.04.2019 तक |
| 3. | दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ | 21.04.2019 से 25.04.2019 तक |
| 4. | तीन गुना परीक्षा शुल्क के साथ | 26.04.2019 से 30.04.2019 तक |

नोट :–

i. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियां आगे नहीं बढ़ाई जायेगी।

ii. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण एवं नियमित महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है। परीक्षा आवेदन पत्र संबंधी जानकारी के लिए हेल्प लाईन नं.– 7073770345

iii. समस्त नियमित परीक्षार्थियों को संकलित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय दस्तावेज एवं E-mitra की मूलप्रति संलग्न कर अगले दो कार्य दिवस तक संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

iv. विश्वविद्यालय में डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे तथा ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।

v. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. अथवा विधि पाठ्यक्रम हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से आवेदन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करना होगा।

vi. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दोनों प्रतियां अलग–अलग बंडल के रूप में विश्वविद्यालय को दिनांक 11.05.2019 तक प्रस्तुत करें। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।

(डॉ. अशोक कुमार महला)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा / 2017–2018 / 1114 दिनांकः–03/04/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. महाविद्यालय सुनिश्चित करलें कि नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के संकलित परीक्षा आवेदन पत्र सही है एवं दो प्रतियों में मय दस्तावेज ई–मित्र पर जमा शुल्क की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से दिनांक 11.05.2019 तक महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में स्वयं जमा कराना होगा, जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
2. समस्त प्राचार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त बी.एड. / विधि महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी की उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे–परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दोनों प्रतियां अलग–अलग बंडल के रूप में विश्वविद्यालय को दिनांक 11.05.2019 तक प्रस्तुत करें। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।
3. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे परीक्षा– 2019 हेतु ई–मित्र द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करें।
4. निजी सचिव; कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
5. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर आदि) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करवावें।
6. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर।
7. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(डॉ. अशोक कुमार महला)
परीक्षा नियंत्रक